दिन—रविवार दिनांक— 21 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कटिहार में कहा — राजद बिहार में लालटेन राज लाना चाहता है।

02. महागठबंधन ने भी प्रचार में झोंकी ताकत। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भाजपा पर वास्तविक मुद्दो से जनता को भटकाने का लगाया अरोप।

03. जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। नालंदा के कुण्डलपुर में राजकीय महोत्सव का आयोजन।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप। चौवालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने—अपने उम्मीदवारों के सर्मथन में चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को पाँच संसदीय क्षेत्र किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में मतदान होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने आज कटिहार के राजेन्द्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। श्री शाह ने आरोप लगाया की राष्ट्रीय जनता दल राज्य को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहता है।

——बाईट——

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि राजद कभी प्रदेश का विकास नहीं कर सकता है। श्री शाह ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में तेजी से विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए काम किए हैं। और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा भी प्रदान किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद की राजनीति करने वालों ने प्रदेश का बुरा हाल कर दिया था। एनडीए सरकार ने राज्य को विकास के पथ पर ला दिया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर बोलने से बच रही है और लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

——बाईट——

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र के नरहिया में पेठिया बाजार से फलका बाजार तक रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी के सर्मथन में चुनाव प्रचार किया। वहीं, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस, राजद और विकासशील इंसान पार्टी के स्टार प्रचारक गठबंधन के उम्मीदवारों के सर्मथन में चुनावी सभाएं कर रहें हैं। वांमपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जुटे हैं।

———————————————————————————

एआईएमआईएम के प्रमुख असदउद्दीन ओवैसी ने आज किशनगंज संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के सर्मथन में चुनाव प्रचार किया। ठाकुरगंज के दुधोती में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केन्द्र की एनडीए सरकार पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएए और एनआरसी लागू करने का फैसला सोची–समझी राजनीति के तहत लिया गया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेता और खगड़िया के सांसद चौधरी महबूब अली कैसर आज राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गये। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने उन्हें पटना में आयोजित समारोह में पार्टी की सदस्यता दिलायी। पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र से वीआईपी के प्रत्याशी राजेश कुशवाहा के खिलाफ जिले के मेहसी और अरेराज थाना में आचार संहिता उल्लंघन के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। श्री कुशवाहा पर बिना अनुमति जुलूस निकालने का आरोप लगा है।

मधुबनी जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे जांच अभियान के दौरान जिले के लदनियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत वीरपुर गांव में पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

जहानाबाद जिले में स्काउट एंड गाईड की ओर से चौबीस अप्रैल से एक मई तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्काउट एंड गाईड की कंपनी कमांडर तनी कुमारी ने बताया कि चौबीस अप्रैल को साईकील रैली, सताईस अप्रैल को संगोष्ठि रंगोली प्रतियोगिता और एक मई को घर–घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतर्गत सुपौल संसदीय क्षेत्र में सात मई को मतदान होगा। आईए सुनते हैं सुपौल संसदीय क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य पर हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

कोसी नदी के मध्य स्थित सुपौल संसदीय क्षेत्र की राजनीति और चुनावी समीकरण भी कोसी के स्वभाव से मेल खाता है। एक निश्चित समय के बाद कोसी की धारा की तरह संसदीय क्षेत्र भी नया रुख अख्तियार करता है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों की बात करें तो मतदाताओं ने हर बार नए चेहरे को मौका दिया। इस बार जद यू ने निवर्तमान सांसद दिलेश्वर कामैत पर भरोसा जताते हुए उन्हें एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले हैं राजद के चंद्रहास चौपाल। पिछली बार जद यू उम्मीदवार का मुकाबला कांग्रेस की रंजीत रंजन से था। सुपौल लोक सभा क्षेत्र के अस्तित्व में आने के बाद यह पहला मौका है जब इस सीट पर कांग्रेस की जगह राजद का कोई उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। श्री चौपाल पिछले विधान सभा चुनाव में पहली बार सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र से राजद के टिकट पर विधायक चुने गए थे।भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी बैद्यनाथ मेहता भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। भौगालिक दृष्टिकोण से देखें तो सुपौल लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें सुपौल जिले के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा क्षेत्रों निर्मली, पिपरा, सुपौल और त्रिवेणीगंज पर जद यू जबकि छातापुर विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा का कब्जा है। मधेपुरा जिले के अंतर्गत आने वाला सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र राजद के कब्जे में है। पिछले विधानसभा चुनाव में सिर्फ इसी सीट पर महागठबंधन को जीत मिली थी। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इस बार मुख्य मुकाबला एनडीए से जदयू उम्मीदवार दिलेश्वर कामैत और इंडी गठबंधन से राजद उम्मीदवार चंद्रहास चौपाल के बीच है। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार बैद्यनाथ मेहता भी मुकाबला को दिलचस्प बना रहे हैं। जदयू उम्मीदवार जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं, वहीं राजद उम्मीदवार महंगाई, बेरोजगारी, कोसी के बाढ़ के स्थाई समाधान समेत अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर घेराबंदी करने में लगे हैं। रोचक मुकाबले में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि पुराने इतिहास की तरह क्षेत्र के मतदाता किसी नए चेहरे पर विश्वास जताते हैं या फिर पुराने चेहरे पर ही भरोसा कायम रखते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से मैं रविशंकर चौधरी।

———————————————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने पहले चरण के चुनाव क्षेत्रों के जिलों नवादा शेखपुरा और जमुई को छोड़कर अन्य सभी छह चरणों के होने वाले चुनाव क्षेत्रों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी और जिला पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में आगामी चरणों के चुनाव एवं मतदान की तैयारियों की समीक्षा की गयी। राज्य

में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने सभी जिलों के डीएम को सभी बूथों पर पेयजल की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने और धूप से बचाव को लेकर शामियाना लगाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, दिव्यांगजनों और पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से नियमानुसार पोस्टल बैलेट से वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से एरिया डोमिनेशन एवं सुरक्षा की सख्त व्यवस्था उपलब्ध कराने की तैयारियों की भी समीक्षा की गयी।

———————————————————————

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने नवादा शेखपुरा और जमुई जिलों को छोड़कर अन्य सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को ये भी निर्देश दिया है कि मतदाता सूची की ई—कॉपी सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशियों को निःशुल्क उपलब्ध कराये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को चुनावी खर्च पर भी नजर रखने का निर्देश दिया।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भाग भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा, जमुई और बांका जिले में लू की स्थिति बनी रही। शेखपुरा राज्य के सबसे गर्म स्थान रहा, जहाँ का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गया, डेहरी, मधुबनी और पटना में अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री के आस—पास रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक एस.के पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटो के दौरान बांका, शेखपुरा और जमुई जिलों में भीषण लू की संभावना है। इसे लेकर औरेंज अर्लट जारी किया गया है।

——बाईट——

भागलपुर, सुपौल, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, बक्सर, भोजपुर, नालंदा, पटना समेत राज्य के अन्य भागों में भी उष्ण दिवस की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

इधर, भीषण गर्मी को देखते हुए कैमूर जिले में दिन के ग्यारह बजे से अपराह्न चार बजे तक शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित कर दी गयी हैं। जिलाधिकारी सावन कुमार ने कहा है कि तीस अप्रैल तक यह आदेश प्रभावी रहेगा। वहीं बेगूसराय जिले में कल से

अगले आदेश तक सभी स्कूलों का संचालन सुबह साढ़े छह बजे से पूर्ववाह्न ग्यारह बजे तक करने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————————

जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संघर्ष के मौजूदा दौर में विश्व समुदाय शांति के लिए भारत की ओर देख रहा है। श्री मोदी ने कहा कि एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देश संघर्षरत और युद्धरत हैं, भारत के तीर्थंकरों की शिक्षाएं और अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं।

———————————————————————

इधर, भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड स्थित कुण्डलपुर में जैन श्रद्धालुओं ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस अवसर पर भगवान महावीर का दूध और चंदन से मस्तकाअभिषेक किया गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर इस अवसर पर आयोजित कुण्डलपुर महोत्सव में शामिल हुए।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने जेआरएफ पीएचडी में प्रवेश की यूजीसी नेट परीक्षा के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। इच्छुक अभ्यर्थी एन.टी.ए. की वेबसाइट पर पंजीकरण करबा सकते हैं। यूजीसी नेट परीक्षा इस वर्ष सोलह जून को आयोजित की जायेगी। आकशवाणी से विशेष बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पंजीकरण दस मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख बारह मई है।

——बाईट——

यूजीसी नेट के लिए रजिस्ट्रेशन स्टार्ट हो गया है और ये दस मई तक चलेगा और इस बार जो इसमें एड किया गया है नेट के एग्जाम से पीएचडी में भी एडमिशन मिल सकता है और ग्रेजुएशन के बाद भी कुछ कोर्सेस ऐसे तरीके से हैं उसमें भी डायरेक्टली लोग नेट में अप्लाई कर सकते हैं नेट में अप्लाई कर सकते हैं पीएचडी कर सकते हैं। यह इंफॉर्मेशन बुलेटिन में डिटेल दिया हुआ है और परीक्षा इस बार सभी पेपर की एक ही दिन 16 जून को होगी। ओपन पेपर बोर्ड से होगी यह पिछली बार से चेंज है।

———————————————————————

आज सिविल सेवा दिवस मनाया जा रहा है। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में सिविल सेवा के अधिकारियों के पहले बैच को संबोधिन के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।

---

शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड अंतर्गत छतौनी गांव में अगलगी की घटना में दस घर जल कर राख हो गये। इस घटना में घरों में रखे अनाज, कपड़ा, जेवर सहित अन्य सामान जल कर नष्ट हो गये। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट–सर्किट के कारण लगी। तरियानी के अंचलाधिकारी ने बताया कि अग्निकांड के पीड़ीत परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

---

नवादा जिले के किउल–गया रेलखंड पर चातर हॉल्ट के पास फाटकरहित रेलवे क्रॉसिंग पर एक ऑटोरिक्शा एक रेलगाड़ी से टक्करा गयी। इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार एक महिला की मौत हो गयी जबकि, सात लोग घायल हो गये हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कटिहार में कहा – राजद बिहार में लालटेन राज लाना चाहता है।

02. महागठबंधन ने भी प्रचार में झोंकी ताकत। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भाजपा पर वास्तविक मुद्दो से जनता को भटकाने का लगाया अरोप।

03. जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। नालंदा के कुण्डलपुर में राजकीय महोत्सव का आयोजन।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप। चौवालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।